

# नर्मदा के चौथे चरण के लिए 1400 करोड़ रुपए की मंजूरी

- अवैध कॉलोनियों में बाहर लगाएंगे बोर्ड
- पीएम आवास के फ्लैट टेंडर से बेचेंगे
- एमआईसी की बैठक में निर्णय

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** नगर निगम शहर में नर्मदा के चौथे चरण के तहत तीन पैकेज में 14 सौ करोड़ के काम करेगा. शहर की अवैध कॉलोनियों के बाहर निगम बोर्ड लगाएगा, जिससे कोई प्लॉट नहीं खरीदे. स्वच्छता अभियान के लिए 30 नई स्विपिंग मशीन और निगम अब पीएम आवास के फ्लैट टेंडर से बेचेगा. उक्त निर्णय आज एमआईसी की बैठक में लिए गए हैं.

आज नगर निगम परिसर के सभागृह में महापौर पुष्यमित्र भार्गव की मौजूदगी में महापौर परिषद की बैठक हुई. बैठक में नर्मदा चौथे चरण के अमृत योजना 2.0 के तहत 24 करोड़ रुपए से शहर में पानी की लाइन और व्यवस्था करने की परिषद में मंजूरी दी गई थी. इसके तहत पिछले दिनों जलूद में 841 करोड़ से नए ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य का शुभारंभ मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया था. आज एमआईसी के बैठक में नर्मदा चौथे चरण के तहत जलूद से इंदौर नई लाइन डालने, शहर में 60 लाख की आबादी के हिसाब से पानी की व्यवस्था करने हेतु 40 नई टंकियों का निर्माण और सप्लाई लाइन बिछाने के साथ 55 पुरानी टंकियों के सुधार कार्य को मंजूरी दी गई.

## केबल हटाने दिया जाएगा अंतिम नोटिस

महापौर ने बताया कि पीएम आवास योजना के तहत 2 और 3 बेडरूम के फ्लैट टेंडर से बेचे जाएंगे, ताकि गरीबों के लिए एक बेडरूम के फ्लैट निर्माण में सुविधा हो. शहर में स्वच्छता के लिए 30 स्विपिंग मशीनें खरीदने के टेंडर की मंजूरी दी गई. शहर में अवैध कॉलोनियों के बाहर नगर निगम बोर्ड लगाएगा, ताकि आमजन और गरीब आदमी की गाड़ी कमाई का पैसा नहीं डूबे. एमआईसी ने शहर में केबल हटाने का अंतिम नोटिस देने की मंजूरी दी है. इसके बाद पूरे शहर में फैले केबल के जाल हटाने की कार्रवाई की जाएगी. साथ सिरपुर पर 20 एमएलडी क्षमता का एसटीपी प्लांट तैयार है, जिसकी मार्च से शुरुआत हो जाएगी और सिरपुर तालाब में जलकुंभी देखने को नही मिलेगी.

# सड़क से अतिक्रमण और बाधाएं हटाने का अभियान होगा फिर से शुरू

- पार्किंग स्थलों की क्षमता का पूरा उपयोग हो
- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्णय

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में सड़कों से अतिक्रमण और यातायात में बाधक कब्जे हटाने का अभियान फिर से शुरू किया जाएगा. शहर के सरकारी और निजी पार्किंग स्थलों का पूरी क्षमता से उपयोग और सूचना बोर्ड लगाए जाएंगे. शहर में ई रिक्शा के 7 सेक्टरों में चलाने के लिए रूट तय कर पंजीयन कार्य चल रहा है. शहर के 7 प्रमुख चौराहों पर विशेष तकनीकी व्यवस्थाओं के साथ यातायात को सुविधाजनक बनाया जाएगा. यह निर्णय आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया.**



आज कलेक्टर कार्यालय सभागृह में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई. बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि शहर के प्रमुख 7 चौराहों टावर चौराहा, नवलखा, महू नाका, अग्रसेन चौराहा, कालानी नगर चौराहा, पलासिया चौराहा और गीता भवन चौराहों पर यातायात व्यवस्था में तकनीकी तथा अधोसंरचनात्मक सुधार कर वाहनों चालकों के लिए सुविधाजनक बनाया जाएगा. बैठक में कलेक्टर वर्मा ने मुख्य मार्गों से अतिक्रमण और बाधाएं हटाने के लिए फिर अभियान शुरू करने के निर्देश दिए. बैठक में सभी शासकीय और अशासकीय पार्किंगों का क्षमता अनुसार उपयोग किया जाए. पार्किंग स्थलों पर सूचना पटल भी लगाए जाए. पार्किंग पर जरुरी व्यवस्थाएं 8 से 10 दिन में पूरी कर ली जाए. इसके बाद पार्किंग स्थल की बजाय अन्य जगह पर पार्किंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए. बैठक में यातायात पुलिस अधिकारियों ने बताया गया कि क्रैन की संख्या भी बढ़ाई जा रही हैं. शहर में बगैर अनुमति के कहीं भी स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए जाए. बैठक में निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, एडी.सीपी राजेश कुमार सिंह, डीसीपी आनंद कलादगी, प्रकाश परिहार, एडीएम रोशन राय और संबंधित विभागों के अधिकारी एवं समिति के सदस्य मौजूद थे.

## ब्लैक स्पॉट सुधार के निर्देश

बैठक में राजवाड़ा की संकरी गलियों में बसों, चार पहिया वाहनों और रिक्शा के प्रवेश पर रोक लगाने को चर्चा के गई. ई-रिक्शा को 7 सेक्टरों में चलाने के रूट प्लान की जानकारी बताई गई. इन सेक्टरों में ई-रिक्शा चलाने के लिए 3 हजार 200 ई-रिक्शा संचालको ने पंजीयन भी करा लिया है. पंजीयन की कार्य लगातार जारी है. ई रिक्शा पर सेक्टर वार कलर कोडिंग और स्टीकर लगे रहेंगे. बैठक में राहवीर योजना के तहत चार प्रकरणों का अनुमोदन किया गया. साथ ही निर्देश दिए गए कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए. अस्पतालों में योजना के संबंध में फ्लैग्स भी लगाए जाए.

## सम्मान समारोह आज

**इंदौर.** सर्व ब्राह्मण युवा संगठन की महालक्ष्मी नगर इकाई द्वारा समाज में आपसी समरसता, संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सर्व ब्राह्मण मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 1 फरवरी को सुबह 9 बजे से साई कृपा कॉलोनी स्थित मेला ग्राउंड, महालक्ष्मी नगर, इंदौर में किया जाएगा. सर्व ब्राह्मण युवा संगठन महालक्ष्मी नगर इकाई के संरक्षक केके झा, हेमंत शर्मा, अध्यक्ष पं. अमित त्रिवेदी, सचिव पं. पंकज वैद्य ने बताया कि समाज के इस वार्षिक समारोह में ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजनों एवं प्रबुद्ध नागरिकों को उनके सामाजिक एवं अन्य क्षेत्रों में योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा.

# निगमायुक्त ने किया निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

- कान्ह नदी के शुद्धिकरण व सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत हो रहा निर्माण
- साइट पर तकनीकी स्टाफ रखने, लेबर और कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश

**इंदौर. नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने अमृत 2 योजना के अंतर्गत सांवेर रोड ग्राम धनखेड़ी में 80 एम एल डी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के स्थल का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त आशीष पाठक, कार्यपालन यंत्री अश्विनी जनवदे, सहायक यंत्री व उपयंत्री उपस्थित थे.**



आयुक्त श्री सिंघल द्वारा अमृत 2.0 योजना पैकेज-1 के अंतर्गत धनखेड़ी में बनने वाले 80 एमएलडी एसटीपी स्थल का निरीक्षण किया गया. कान्ह नदी के शुद्धिकरण व सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत सीवर उपचारण हेतु एसटीपी का निर्माण किया जा रहा है. आयुक्त ने सिंहस्थ 2028 से पूर्व कार्य करने को दृष्टिगत रखते हुए कार्य को समय सीमा में पूर्ण किए जाने, सीवर नेटवर्क का सर्वे सही तरह से किए जाने के निर्देश दिए. ठेकेदार फर्म को टेक्निकल स्टाफ कार्य स्थल पर रखने, लेबर व मशीनरी की पर्याप्त व्यवस्था करने के तथा कार्य समय सीमा में हो पूर्ण हो इसका विशेष ध्यान रखते हुए कार्य तेज गति से करने के भी निर्देश दिए गए. सभी सुरक्षा उपाय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए. री यूज़ ट्रीटेड वाटर को सिंचाई हेतु उपयोग करने के लिए सर्वे करने के निर्देश दिए गए. उल्लेखनीय है कि कान्ह नदी के शुद्धिकरण व सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत सीवर उपचारण हेतु अमृत 2.0 योजना पैकेज-1 के अंतर्गत लागत राशि रुपए 281.3 करोड़ से धनखेड़ी में 80 एमएलडी एसटीपी प्लांट का निर्माण ओर 163 किलोमीटर सीवरेज लाइन नेटवर्क का कार्य होना है.

### एक नजर में

## आस्था वृद्ध आश्रम में राजयोग ध्यान सत्र का आयोजन



इंदौर. भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता मंत्रालय तथा ब्रह्माकुमारी संस्थान के समाज सेवा प्रभाग के साथ हुए समझौता ज्ञापन के तहत इंदौर के परदेशीपुरा स्थित आस्था वृद्ध आश्रम में वरिष्ठजनों के मानसिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक सशक्तिकरण के लिए राजयोग ध्यान सत्र का प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित हुआ. उक्त कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी के न्यू पलासिया स्थित ज्ञानशिखर ओमशांति भवन द्वारा आयोजित किया गया. इसमें वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी अनिता दीदी ने कहा कि हमारा मन सशक्त है, उमंग उत्साह की ऊर्जा से भरपूर है तो उम्र के इस पड़ाव में भी बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं. मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी भुवनेश्वरी बहन ने जीवन उत्सव विषय पर कहा कि बीती बातों को बिसार कर सकारात्मक दृष्टिकोण को अपनाकर जीवन को आनंदमय बनाया जा सकता है. वृद्धावस्था जीवन का अंत नहीं अपितु अनुभव का सार है. वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी उषा दीदी ने सभी को राजयोग अनुभूति कराई. सुभाष नगर सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जनपद पंचायत इंदौर की श्वेता मिश्रा एवं वृद्ध आश्रम की प्रबंधक लता वाकडे विशेष रूप से उपस्थित रही. कार्यक्रम की शुरुआत ईश्वरीय स्मृति से हुई। अंत में सभी को ईश्वरी प्रसाद एवं वरदान कार्ड दिया गया।

## तनिष्क के स्टोर का पुन: शुभारंभ




इंदौर. तनिष्क ने इंदौर में अपने सपना-संगीत स्टोर का पुन: शुभारंभ किया. इस नए और आकर्षक स्टोर का उद्घाटन तानिष्क के रिटेल के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट सुनील राज द्वारा किया गया. इस अवसर पर रामप्रभात यादव, रीजनल बिज़नेस हेड वेस्ट, टाइटन कंपनी, गौरव बोरा रीजनल बिज़नेस मैनेजर तथा बिज़नेस एसोसिएट अलंकार वाधवानी भी उपस्थित रहे. पुन: लॉन्च किया गया यह स्टोर अब पहले से कहीं अधिक बड़ा है. सुनील राज ने कहा इंदौर हमारे लिए हमेशा से एक महत्वपूर्ण बाज़ार रहा है और इस रीलॉन्च के माध्यम से हम अपने ग्राहकों के लिए और भी व्यापक व विशेष रूप से क्यूरेट किया गया ज्वेलरी कलेक्शन लेकर आए हैं. शादी के आभूषणों से लेकर आधुनिक दैनिक डिज़ाइनों तक, हर कृति इस क्षेत्र की अनूठी पसंद और परंपराओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है.

## फिजिक्सवाला मुफ्त में डाउट हल करने में मदद करेगा

इंदौर. शिक्षा कंपनी फिज़िक्सवाला(पीडब्ल्यू) ने कक्षा 10 के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में भाग लेने वाले छात्रों की मदद के लिए एक योजना शुरू की है. इसमें देश के सभी छात्र मुफ्त डाउट हल करने में विशेषज्ञों की मदद ले सकते हैं. यह योजना सिर्फ पीडब्ल्यू के छात्रों के लिए नहीं, बल्कि देश के किसी भी कक्षा 10 के छात्र के लिए खुली है. इसका उद्देश्य परीक्षा के समय पढ़ाई का तनाव कम करना है. पीडब्ल्यू देशभर में विज्ञान और गणित के लिए ऑफ़लाइन प्रीबोर्ड भी करवाएगा ताकि छात्रों की तैयारी मजबूत हो सके. ये परीक्षा पीडब्ल्यू के विध्यापीठ, पाठशाला और ट्यूशन सेंटर्स में होंगी. फिज़िक्सवाला के विध्यापीठ-ऑफलाइन के सीईओ अंकित गुप्ता ने बताया कि शिक्षा पर कोई सीमा नहीं होनी चाहिए, खासकर जब छात्र बोर्ड परीक्षा जैसी महत्वपूर्ण तैयारी कर रहे हों. कई छात्रों को तुरंत अच्छी मदद नहीं मिलती और एक छोटा डाउट भी उन्हें तनाव दे सकता है. इसलिए हमने अपने विध्यापीठ, पाठशाला और ट्यूशन सेंटर्स सभी छात्रों के लिए खोल दिए हैं, चाहे वे फिज़िक्सवाला के छात्र हों या नहीं.

## ईशान और शहत गिल ने मिलकर पेश किया डेस्टिनी

इंदौर. पंजाबी म्यूज़िक इंडस्ट्री में एक नई चमक देखने को मिल रही है। सिंगर-सॉन्गराइटर ईशान और उभरती हुई लोकप्रिय आइकन शहत गिल ने साथ मिलकर डेस्टिनी पेश किया है. यह एक रोमांटिक डुएट है, जो दिखावे या पल भर की भावनाओं के बजाय सच्चाई और गहरे भरोसे पर आधारित क्लासिक रोमांस को सामने लाता है. ईशान बताते हैं हम एक और आम लव सॉन्ग बनाने की कोशिश नहीं कर रहे थे. 'डेस्टिनी' बहुत सच्ची भावना से निकला है. यह उस पल के बारे में है, जब प्यार अनिश्चित लगना बंद कर देता है और हमेशा के लिए पक्का महसूस होने लगता है. शहत गिल आगे कहती हैं किसी से प्यार करने में एक अजीब-सी खूबसूरती और रोमांच होता है. इस गाने की भावनात्मक साफ़गोई ने मुझे तुरंत आकर्षित किया. 'डेस्टिनी' की जो नरमी है, वही मुझे सबसे ज़्यादा पसंद आई. यह गाना प्यार को न तो जल्दबाज़ी में दिखाता है और न ही उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करता है, बल्कि भावनाओं, समर्पण और भरोसे के लिए जगह बनाता है.

# अहंकार से मुक्ति और जिम्मेदारी का बोध कराती है मां नर्मदा

- नर्मदा साहित्य मंथन का दूसरा दिन, नर्मदा नदी से लेकर साहित्य और समाज तक के मुद्दों पर हुआ मंथन
- आदर्श परिवार बनाने के लिए भगवान श्री राम और रामायण को जीवन में उतरना होगा



**इंदौर.** नर्मदा साहित्य मंथन के दूसरे दिन शनिवार को देशभर से आए विद्वानों ने अपनी बात रखी. विश्व संवाद केंद्र, मालवा और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला के तत्वावधान में यह आयोजन हो रहा है. दूसरे दिन इस पंचम साहित्य मंथन में नर्मदा नदी, सिनेमा और भारत, विश्व पटल पर भारत की चुनौतियां, भारतीय साहित्य और परिवार जैसे विषयों पर चिंतन हुआ.

नर्मदा साहित्य मंथन के प्रथम सत्र में नर्मदा, तुम बहती रहो विषय पर तीन परिक्रमावासियों ने अपनी बात रखी. मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री और नर्मदा परिक्रमावासी प्रहलाद पटेल ने कहा कि मां नर्मदा नदी मनुष्य को अहंकार से मुक्ति दिलाने के साथ ही जिम्मेदारी का बोध भी कराती है. नर्मदा नदी केवल हम लोगों के लिये एक नदी नहीं है, बल्कि वह हमारी मां है, जीवनदायिनी है. नर्मदा परिक्रमा मेरे लिये पुरखों की दी हुई परंपरा है. नर्मदा केवल एक शब्द नहीं है. जो नदी नर का मद यानी अहंकार हर ले वही नर्मदा नदी है. यदि मनुष्य हो अपने अहंकार से मुक्ति चाहिये तो उसे नर्मदा नदी की शरण में जाना ही होगा. नर्मदा नदी जिम्मेदारी का बोध भी कराती है. नर्मदा नदी का जल केवल जल नहीं है] बल्कि वह अमृत है. यदि यह अमृत रूकेगा तो सब कुछ रूक जाएगा. इस अमृत को बचाने का काम हमारा है.

## संस्कारवान परिवार भारत का मूल

द्वितीय सत्र में स्तंभकार और लेखक अनुपम मिश्र ने दृष्टि ही दृष्टांत : गाजा से कश्मीर विषय पर संवाद किया. तृतीय सत्र में जेम्स ऑफ बॉलीवुड प्लेटफॉर्म की प्रमुख श्रीमती स्वाति गोयल शर्मा ने भारत का सिनेमा : सिनेमा में भारत विषय पर अपनी बात रखी. चतुर्थ सत्र को जियो पोलिटिकल एनालिस्ट श्री आदि अंचित ने सम्बोधित किया. पंचम सत्र को संस्कृति के संवाहक : लोकगीत विषय पर साहित्यकार सुमन चौरे संबोधित किया. अंतिम सत्र में लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने भारतीय साहित्य और संस्कृति में परिवार विषय पर सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन-मूल्य परिवार की आधारशिला पर ही निर्मित होते हैं. आज संयुक्त परिवार व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिसका सीधा असर बच्चों की परवरिश पर दिखाई देता है. संस्कारवान परिवार भारत का मूल है. आदर्श परिवार बनाने के लिए भगवान श्री राम के चरित्र और रामायण को यथार्थ जीवन में उतरना होगा.

## विज्ञान से परे आत्मा का विषय

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलगुरू एंव नर्मदा परिक्रमावासी डॉ. राकेश सिंघई ने कहा कि नर्मदा नदी की अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान है. उसकी निरंतरता में ही वास्तव में हमारा जीवन है. नर्मदा नदी हमारी श्रृद्धा, भावना, धर्म और संस्कृति का प्रतीक है और उसे विज्ञान की दृष्टि से नहीं देखा जा सकता है. भारतीयों के अपने मूल्य बोध है, जो उन पर हावी भी है. ऐसे में नर्मदा नदी विज्ञान से परे आत्मा का विषय है. नर्मदा नदी के किनारे मानव सभ्यता का विकास भी हुआ और यह मानव को कई सीख भी देती है.



# डॉ. शशि निगम एवं नाजमा खान हिन्दी सेवी सम्मान से सम्मानित

इंदौर. भाषा किसी भी देश की पहचान होती है. राजभाषा देश की शासकीय कार्यों के लिए होती है. लेकिन इसका पालन निजी क्षेत्रों में भी किया जाना चाहिए. इसके लिए हिन्दी क्षेत्र में रह रहे साहित्यकारों हिन्दी सेवियों को सार्थक प्रयास करना चाहिए, उक्त उद्गार बैंक ऑफ बड़ौदा राजभाषा के से.नि. महाप्रबंधक डॉ. जवाहर कर्नावट ने व्यक्त किये. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. पत्रकारिता विभाग प्रमुख सोनाली नरगुन्दे ने कहा कि पत्रकारिता में भाषा का विशिष्ट महत्व होता है विशेषकर हिन्दी का. हिन्दी परिवार इस सन्दर्भ में सराहनीय कार्य कर रहा है. अध्यक्षीय उद्बोधन में अरविन्द जवलेकर ने कहा कि हिन्दी परिवार, हिन्दी भाषा और साहित्य के संवर्धन के लिए सराहनीय कार्य करता है और सम्मानित कर प्रोत्साहन भी देता है. हिन्दी परिवार के सम्मान समारोह में आज इंदौर विमानपत्तन की राजभाषा विभाग की अधीक्षक नाज़मा खान को डॉ. आलोक कुमार रस्तोगी स्मृति राजभाषा हिन्दी सेवी सम्मान एवं हिन्दी मालवी की साहित्यकार डॉ. शशि निगम को हिन्दी सेवी सम्मान 2025 प्रदान किया गया. सम्मान पत्रों का वाचन डॉ. दीप्ति गुप्ता एवं दीपक शिरालकर ने किया. संचालन संस्था अध्यक्ष हरेराम वाजपेयी ने किया. संस्था परिचय एवं स्वागत उद्बोधन संस्था सचिव संतोष मोहन्ती ने दिया. अतिथियों का स्वागत डॉ. अरुणा सराफ, प्रभु त्रिवेदी, सदाशिव कौतुक, प्रभु चौधरी, डॉ. अंजुल कंसल एवं डॉ. योगेन्द्रनाथ शुक्ल ने किया. इस अवसर पर 'वीणा' के सम्पादक राकेश शर्मा, पूर्व राजभाषा अधिकारी हरीश शर्मा, रस्तोगी परिवार के पुत्र दिव्यांश रस्तोगी, देवेन्द्र सिसौदिया, त्रयम्बक चांदोरकर, मुकेश तिवारी आदि काफी संख्या में सुधीजन उपस्थित थे.





